पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने नवगठित उ0प्र0 विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर सहित 4 अन्य को शपथ दिलाई

———

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे उपस्थित

———

लखनऊ : 26 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वरिष्ठ विधान सभा सदस्य श्री रमापति शास्त्री को नवगठित विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही नई विधान सभा के नव निर्वाचित सदस्यों को सदन में शपथ दिलाने हेतु नामित विधान सभा सदस्य (1) श्री सुरेश कुमार खन्ना, (2) श्री जय प्रताप सिंह, (3) श्री राम पाल वर्मा एवं (4) श्री माता प्रसाद पाण्डेय को भी शपथ ग्रहण करायी।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद तथा अन्य सहयोगी अधिकारी उपस्थित रहे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (177/31)
सम्पर्क सूत्र 9453005360